इकतारा बोले

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम (आंध्र प्रदेश)
9394290204

दिल को देखो चेहरा न देखो

चेहरे को लेकर इन दिनों बड़ी समस्या हो गई है। सारे चेहरे पर दोहरे मास्क लगे उस पर आंखों का चश्मा। चेहरों पर के एक्सप्रेशन का पता ही नहीं चलता। हंस रहा है, नाराज है कुछ मालूम ही नहीं होता। चेहरे पर वैसे भी आजकल गलत एक्सप्रेशन आ रहे हैं। ऐसे में यूं छुपाना भी कोई असर नहीं डालेगा। इन चेहरों के जंगल में अपना चेहरा कहीं खो गया सा लगता है। मतलब चेहरा आपको लगातार मुगालते में रखता है। मास्क पहना चेहरा या बिना मास्क का, कोई फर्क नहीं पड़ता। सिर्फ चेहरे पर बेस करेंगे तो धोखा खा जाएंगे। पहले उनसे मिलें, बातचीत हो, दो-चार मुलाकात हो, तब जाकर उस चेहरे के स्वामी या स्वामिनी के बारे में कोई पक्की राय बन सकेगी।

चेहरे बनाने की भी अपनी कला होती है। चेहरा मोहरा ही मनुष्य की आवश्यकताओं. अनिवार्यताओं और अवसरों का पता बताती हैं, न कि मन में क्या है उसका विवरण। अगर कोई बंदा बड़े आत्मविश्वास के साथ खड़ा है तो जानिए उसका मनचाहा काम हो गया या हो रहा है। दीनहीन बना हुआ है तो समझ लो आप फँसने वाले हो। गुस्से से भुनभुना रहा है तो जान लो उसका काम नहीं हुआ । इस तरह चेहरे कुछ अवसरवादी छायाचित्र प्रस्तुत करते हैं। बाबा का चेहरा मोहरा बड़ी लंबी दाढ़ी और केश तक तो सौम्य, साधारण और शांत लगता है व्यक्ति। डेढ़ लाख का चश्मा दो लाख की घड़ी और पाँच लाख का सूट इस चेहरे को सूट नहीं करता। लेकिन भक्त इस चेहरे की क्रूर हंसी के भजन गा रहे हैं। मोक्ष पा रहे हैं। आजकल लोगों, नेताओं, हालातों का अपना अलग अंदाज है। मन में कुछ, चेहरे पर कुछ और ने सिद्ध कर दिया कि 'चेहरा हृदय का दर्पण है' कहना गलत है। अब देखिए! कितने साधु संत, नम्र, कोमल वेशभूषा अपनाते हुए, दिखावा करते हुए, शान्त से लगते हुए कितनों को घाट घाट का पानी पिला दिए। कुछ बाहर घूम रहे हैं, कुछ कृष्ण के जन्म स्थान का जायजा ले रहे हैं।

शादी के पहले मौनी संत सी लगने वाली लड़की शादी के बाद पत्नी ओहदा पाते ही शादी के पहले बहुत अधिक बोलने वाले बातूनी लड़के बनाम पति को मौनी बाबा बनने पर विवश कर देती है। यह चेहरे का कमाल ही नहीं, मंगलसूत्र का धमाल है। सावधान रहें, चेहरे मोहरे के चक्कर में न पड़ें, उसी में भलाई है क्योंकि न केवल साइबर क्राइम बल्कि सीधे आपके जेब से पैसे निकालने में यह चेहरे भी काफी कामयाब हैं। सतर्क रहें। सावधान रहें।

काउंसलिंग के बाद गिले-शिकवे भुला साथ लौटे पति-पत्नि

एक भूली-भटकी महिला को भी परिवार से मिलवाया

धार। किसी भी तरह की हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं की सहायता हेतु संचालित है वन स्टॉप सेंटर (सखी) कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री रामनिवास बुधौलिया के मार्गदर्शन में संचालित वन स्टॉप सेंटर (सखी) जो कि किसी हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को सहायता प्रदान करने हेतु वर्ष 2018 से जिला धार में संचालित है।

प्रशासक ज्योत्सनासिंह ठाकुर ने बताया कि एक प्रकरण में प्रार्थिया के पति द्वारा अन्य महिला से संबंध होने के कारण प्रार्थिया को पति द्वारा शारिरिक एवं मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। आपसी विवाद होने से प्रार्थिया अपनी बेटी को लेकर अपने मायके चली गई थी। सी.एम हेल्प लाईन पर शिकायत करने के बाद प्रार्थिया को वन स्टॉप सेंटर (सखी) पर बुलवाया गया प्रार्थिया द्वारा शिकायत की गई। वह पति के साथ रहना चाहती है, परन्तु पति को बुलवाकर समझाईश चाहती थी। वह उनकी बेटी के लिए भी कुछ भी जरूरत का समान और घर की जिम्मेदारी नही उठाता था। विपक्षी को बुलवाया गया और दोनों की पक्षों की काउंसलिंग की गई। जिसमें दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात रखी और दोनों ही पक्षों को ऐहसास हुआ की छोटी-छोटी गलती है और गलत फहमी है जिसके चलते मन मुटाव की स्थिति बनी है। दोनों पक्षों ने अपने परिवार के भविष्य को ध्यान में रखकर आपसी सामजस्य व प्यार के साथ आगे बढने का निर्णय लिया और प्रार्थिया के पति द्वारा बोला गया की वह अन्य महिला से कोई रिश्ता नही रखेगा। और अपने परिवार के साथ अच्छे से रहेगा दोनों परिवार खुशी-खुशी घर लौटे। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में प्रार्थिया ने बताया कि उनके विवाह को लगभग 31 वर्ष हो चुके है उनके दो बेटे है। उनकी भी शादी हो गई है पति द्वारा आये दिन शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा मारपीट करता हैं और घर से निकाल देता है। प्रार्थिया पति के साथ रहना चाहती है प्रार्थिया के आवेदन पर उनके पति को बुलवाया गया। दोनो पक्षों की काउंसलिंग की गई समझाया गया कि विपक्षी शराब छोड दे शराब की वजह से परिवार में झगड़ा होता है। वह अपनी आदत छोडेगे तो पुरा परिवार इससे प्रभावित होगा। समझाईश के बाद विपक्षी ने आशवासन दिया की अब वह शराब नही पीयेगे अपनी पत्नी को प्यार व सम्मान के साथ रखेगे। मारपीट नही करेगें। और दोनों साथ में खुशी-खुशी से घर लौटे।

इसके अलावा एक और प्रकरण में प्रार्थिया ने बताया कि उनके विवाह को लगभग 9 माह ही हुए है, उनकी दुसरी शादी है, और पहले पति की एक छोटी बेटी है, जो कि प्रार्थिया के साथ है और प्रार्थिया ने बताया कि दुसरी शादी की है। वहा पर उनकी बेटी की परवरिश की जिम्मेदारी उनके पति द्वारा ली गई थी। परन्तु पति द्वारा शादी हुई तब से भी गाली गलौज एवं मारपीट की जाती है और बेटी के साथ भी अच्छा व्यवहार नही किया जाता है। प्रार्थिया पति के साथ रहना चाहती है प्रार्थिया के आवेदन पर दोनों पक्षों को बुलवाकर उनकी काउंसलिंग की गई समझाया गया। प्रार्थिया गर्भवती है। उनका ईलाज करवाने के लिए बोला गया और उनकी बेटी के साथ अच्छा व्यवहार करें। और अच्छी परवरिश करें। विपक्षी द्वारा आश्वासन दिया की वह पत्नी और उनकी बेटी की पुरी जिम्मेदारी उठायेगें। प्रार्थिया का ईलाज करवायेगें। दोनों पक्षों की आपसी सहमती से समझौता हो गया। दोनों साथ में अच्छे से रहेगें और उनकी बेटी को लाड़ प्यार से रखगें। दोनों साथ में अपने घर लौटे। इस प्रकरण में प्रार्थिया अपने घर से निकल गई थी और भटक गई थी। जिस कारण गांव के एक व्यक्ति द्वारा प्रार्थिया को देखकर 112 पर सूचना दी। जिससे 112 वहा पर पहुँची और प्रार्थिया अपने घर का पता सही नही बता पाने के करण प्रार्थिया को वन स्टॉप सेंटर आये क्योकि प्रार्थिया के पास रूकने के लिये कोई सुरक्षित स्थान नही था। प्रार्थिया से प्रशासक द्वारा बात की गई और वन स्टॉप सेंटर अस्थाई आश्रय दिया गया। उस दिन प्रार्थिया ज्यादा परेशान थी और कुछ भी बताने में असमर्थ थी उसे कुछ भी याद नही आ रहा था। दो तीन दिन में उसकी स्थिति सामान्य हुई और प्रार्थिया की काउंसलिंग की गई। फिर प्रार्थिया द्वारा अपने मायके का पता और भाई-भाभी व परिवार का नाम बताया गया। प्रार्थिया को वन स्टॉप सेंटर से लेकर उनके मायके पता करते हुए पहुँचे वहा पर प्रार्थिया के दो भाई और भाभी और परिवार घर पर मिले। उनसे बात कर जानकारी ली गई और प्रार्थिया द्वारा भी अपने भाई-भाभी व परिवार को पहचान लिया गया फिर प्रार्थिया को उनके परिवार में सुरक्षित छोडा गया। जिससे प्रार्थिया फिर से अपने परिवार पूर्नवासित हो सके। वन स्टॉप सेंटर के खुलने से महिलाओं को घर जैसा आश्रय मिल गया है। और भटकी हुई महिलाओं को उनके घर तक सुरक्षित तरीके से भेजी जा रही है। इसमें वन स्टॉप सेंटर व सभी सेंटर बहुत मददगार है। वन स्टॉप के सभी कर्मचारियों ने उपस्थित होकर पूर्ण सहयोग किया गया। केस वर्कर श्रीमती लीला रावत केस वर्कर सरिता चौहान एवं महिला आरक्षक संतोषी कटारे और श्रीमती निर्मला बामनिया एवं समस्त स्टॉप द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

धार में ओडिशा की तर्ज पर निकलेगी भव्य भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

सकल हिंदू समाज और भोज उत्सव समिति की बैठक में बनी रणनीति

धार। तीर्थ नगरी ओडिशा के पुरी की तर्ज पर आगामी 16 जुलाई 2026 को धार नगर में निकलने वाली भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। इसी सिलसिले में ऐतिहासिक सरस्वती मंदिर (भोजशाला) परिसर में सकल हिंदू समाज और भोज उत्सव समिति के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं मातृशक्ति की एक अति-महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में रथ यात्रा को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया।

परंपरागत रूप और भव्यता पर हुई विस्तृत चर्चा- बैठक में विशेष रूप से पहुंचे जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री स्वयं प्रकाश सोनी, श्री संतोष पांडे, श्री अशोक मनोहर जोशी एवं श्री ओम प्रकाश सोलंकी ने भोज उत्सव समिति के पदाधिकारियों के साथ रथ यात्रा के परंपरागत स्वरूप को लेकर विस्तार से चर्चा की। रथ यात्रा समिति के सदस्यों ने आगामी 16 जुलाई को भोजशाला मंदिर से शुरू होने वाली इस पावन यात्रा के मार्ग, व्यवस्थाओं और धार्मिक अनुष्ठानों की जानकारी साझा की। साथ ही, सकल हिंदू समाज को इस गौरवमयी यात्रा में सहभागिता के लिए औपचारिक रूप से आमंत्रण पत्र भी सौंपे गए।

सनातन संस्कृति और आस्था का अनूठा समागम- बैठक के दौरान उपस्थित सभी रामभक्तों और राष्ट्रभक्तों में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर भोज उत्सव समिति एवं सकल हिंदू समाज की ओर से प्रमुख रूप से सर्वश्री सुरेश जलोदिया, गोपाल जी शर्मा, राजेश शर्मा, हेमंत दोराया, श्याम मालवा, विश्वास पांडे सहित बड़ी संख्या में उत्सव समिति के सदस्य, प्रबुद्ध नागरिक एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

एक सुर में गूंजा आह्वान- हिंदू हितार्थ और सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित करने वाली इस रथ यात्रा को लेकर समाज के हर वर्ग में एक अलख जगाने का संकल्प लिया गया।

सनातन होने का परिचय दें और पुण्य लाभ कमाएं- भोज उत्सव समिति के श्री राजेश शर्मा एवं जगन्नाथ रथ यात्रा प्रभारी श्री अशोक मनोहर जोशी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए शहर के सकल हिंदू समाज, समस्त धार्मिक संगठनों और मातृशक्ति से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि यह रथ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आस्था, एकता और सनातन मूल्यों का प्रतीक है। आगामी 16 जुलाई को नगरवासी अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर भगवान जगन्नाथ जी के रथ को खींचकर अपने जीवन को धन्य बनाएं, सनातन होने का परिचय दें और महाप्रभु की असीम कृपा प्राप्त करें।

संस्कार भारती की संयुक्त साधारण सभा संपन्न

धार। संस्कार भारती जिला इकाई, धार की संयुक्त साधारण सभा की वार्षिक बैठक गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में मालवा प्रांत के महामंत्री श्री संतोष व्यासजी , प्रांत अधिकारी श्री संजय शर्मा जी एवं श्री योगेंद्र पिपलोनियाजी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर प्रमिला सिसोदिया द्वारा किया गया 7कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात कु. हितैषी कालभंवर द्वारा माँ शारदा वंदना एवं संस्कार भारती का गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय स्वरुप दिया। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान- संतोष व्यास का सम्मान दीपक खलतकर एवं संजय शर्मा का स्वागत देशराज वशिष्ठ द्वारा तथा योगेंद्र पिपलोनिया का स्वागत रामगोपाल शर्मा द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन जिला अध्यक्ष- गौरव अग्रवाल ने दिया। बैठक में वर्षभर आयोजित कार्यक्रमों के वार्षिक प्रतिवेदन, आगामी गतिविधियों तथा संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सह महामंत्री रेखा राठौर ने वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया, जबकि कोषाध्यक्ष प्रतिनिधि के रूप में अतुल कालभंवर ने वार्षिक आय-व्यय विवरण एवं आगामी वर्ष का बजट प्रस्तुत किया। बैठक में जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में रामगोपाल शर्मा, सूर्यपाल सिंह, अनूप श्रीवास्तव, राजन यादव, शुभम शुक्ला, संजय उपाध्याय, विवेक यादव, योगी पवार, रॉकी मक्कड़, मीनाक्षी लहरे, सीमा गायकवाड, यादव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

प्रोग्रेसिव पेंशनरों का भोपाल में शक्ति प्रदर्शन

बाग। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल के आव्हान पर धार जिले के प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी, मातृशक्ति, भोपाल के अंबेडकर पार्क में दिनांक 22-07-2026 को आयोजित प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को लेकर वृहद स्तर पर धार जिले में तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है । इसी क्रम में जिला धार के पदाधिकारियों श्री प्रमोद कुमार टोंगिया जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसील स्तर , विकासखंड स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा हे । संघ का प्रयास हे की भोपाल में होने वाले प्रस्तावित आंदोलन मे धार जिले के सर्वाधिक पेंशनर्स साथियों की सहभागिता रहे । इस संबंध में जिला स्तर पेंशनर पदाधिकारियों की जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित कर ,एकजुट होकर तन मन धन से आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई है ।

बैठक में गुरवंत कौर महिला संयोजिका, मोहन सिंह परिहार कार्यकारी अध्यक्ष, शैलेंद्र कुमार तिवारी महामंत्री, प्रदीप देवासकर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीमती अरुणा देवासकर महिला उपाध्यक्ष, के के वर्मा कोषाध्यक्ष ,गजेंद्र सिंह चौहान सचिव ,अशोक तंवर सह सचिव, जगदीश शर्मा सह कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र वर्मा एवं शंकर सिंह मालवीय संगठन सचिव, द्वारा बैठक मे आंदोलन की रूपरेखा तैयार की । बैठक में अधिक से अधिक पेंशनरों को इसमें सम्मिलित करने का प्रयास किए जाने पर चर्चा की गई । इस संबंध में जिले की समस्त तहसीलों एवं शाखाओं को सूचना दिए जाने का निर्णय लिया गया। इस धरनाआंदोलन में धार जिले से लगभग 125 से अधिक पेंशनर साथियों के सम्मिलित कराया जाने का निर्णय लिया गया।

एनआरएलएम में पंजीयन हेतु बैठक

मनावर। जिला धार मध्याह्न भोजन योजना के प्रभावी संचालन के लिए मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जनपद पंचायत मनावर के संयुक्त तत्वावधान में 13 जुलाई 2026 को एमडीएम के स्व-सहायता समूहों का लोकस के माध्यम से एनआरएलएम मे पंजीयन करने हेतु एमडीएम समूहों की बैठक आयोजित की गई। यह जानकारी विकासखंड स्रोत समन्वयक, जनपद शिक्षा केंद्र अधिकारी किशोर बाणेश्वर द्वारा जारी पत्र के माध्यम से दी गई। बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धार के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही है। इसमें विकासखंड मनावर के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों से संबंधित स्व-सहायता समूहों के अध्यक्ष/सचिव तथा रसोइयों की उपस्थिति रही ! बैठक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय, जनपद पंचायत मनावर (डोंच्या फाटा) में दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम चरण प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक तथा द्वितीय चरण दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक संपन्न हुई। विभिन्न संकुलों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है।

संगठन की मजबूती और जन-कल्याण के संकल्प के साथ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कामकाजी बैठक संपन्न

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन जुड़े पंचतीर्थ' के रूप में विकसित किया -ओमप्रकाश मोहने

धार। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की सोमवार को जिला संगठनात्मक कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जमीनी स्तर पर मोर्चा की सक्रियता बढ़ाने को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

कामकाजी बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, भाजपा अजा मोर्चा संभाग प्रभारीओमप्रकाश मोहने, प्रदेश उपाध्यक्ष अजा मोर्चा भगवती प्रसाद शिन्दे,अजा मोर्चा धार जिला प्रभारी अनिता वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने और राकेश पटेल, अजा मोर्चा झाबुआ जिला प्रभारी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रजनीश मालवीय, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश चौहान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा मंचासीन रहें। मोर्चा जिला बैठक का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। स्वागत भाषण में अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश चौहान ने मोर्चे की आगामी कार्य योजना और डिजिटल प्रशिक्षण अभियान के प्रमाण पत्र की जानकारी दे हुए कहा कि संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर समाज कल्याण के लिए मोर्चा कार्य करेंगा। भाजपा अजा मोर्चा संभाग प्रभारी ओमप्रकाश मोहने ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए उनके जीवन से जुड़े 5 प्रमुख स्थानों को 'पंचतीर्थ' के रूप में विकसित किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष महंत भारती ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय पार्टी के वैचारिक और दार्शनिक आधार के रूप में पाँच प्रमुख सिद्धांतों को अपनाया गया था, जिन्हें 'पंच निष्ठा' कहा जाता है। ये सिद्धांत पार्टी की कार्यप्रणाली, सोच और नीतियों का मार्गदर्शन करते हैं। जिसमें राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय अखंडता,लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता,धर्मनिरपेक्षता की परिभाषा 'सर्वधर्म समभाव' पर आधारित है, आर्थिक और सामाजिक विषयों पर गांधीवादी दृष्टिकोण को अपनाना, राजनीति में शुचिता, नैतिकता, उच्च आदर्शों का पालन करना बातें हमें याद होना चाहिए। बैठक में जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र बदनावर सरदारपुर और धार विधानसभा से अनुसुचित जाति के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहें। बैठक का संचालन ओम प्रकाश मालवीय ने किया। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

फोरलेन निर्माण परियोजना से प्रभावित किसानों को 7.22 करोड़ रुपये से अधिक मुआवजा राशि वितरित

धार। राष्ट्रीय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बदनावर ने बताया कि राजमार्ग 752ष्ठ के अंतर्गत बदनावर, पेटलावद, थांदला और टिमरवानी फोरलेन निर्माण एवं नवीनीकरण परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई निजी भूमि के मुआवजे का वितरण सुव्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्राम संदला, चंदवाड़ीया बुजुर्ग, शंभुपाड़ा, छायन, लिलिखेड़ी, खेड़ा और खीमाखेड़ी के प्रभावित कृषकों हेतु कुल 25,58,66,504 रुपये का अवार्ड पारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 की धारा 3 (ज) तथा भू-अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 37 के प्रावधानों का पालन करते हुए सभी 276 प्रभावित कृषकों को व्यक्तिगत रूप से सूचना दी गई थी। इस प्रक्रिया के तहत, जिन 76 कृषकों ने अपने बैंक खातों का विवरण उपलब्ध कराया था, उनके खातों में अब तक कुल 7,22,65,794 रुपये (सात करोड़ बाईस लाख पैंसठ हजार सात सौ चौरानवे रुपये) की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। मुआवजा प्राप्त करने वाले कृषकों में ग्राम छायन से 20, संदला से 21, शंभुपाड़ा से 11, लिलिखेड़ी से 9, चंदवाड़ीया बुजुर्ग से 8, खेड़ा से 5, तथा सेमलखेडा और खीमाखेड़ी से 1-1 कृषक शामिल हैं। शेष कृषकों को सूचित किया जाता है कि उनकी मुआवजा राशि के वितरण की कार्यवाही वर्तमान में नियमानुसार प्रचलित है। प्रशासन ने सभी संबंधित कृषकों से अपील की है कि वे अपना बैंक विवरण और आवश्यक दस्तावेज शीघ्र जमा करें ताकि भुगतान प्रक्रिया में कोई विलंब न हो।

इंदौर की डॉ. प्रगति जैन मालव रत्न अवॉर्ड से सम्मानित

बाकानेर (सैयद अखलाक अली)। मां कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय, इंदौर की गणित विभागाध्यक्ष डॉ. प्रगति जैन को राष्ट्रीय पत्रिका 'इंदौर धारा' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मालव रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह अभिनव कला केंद्र, गांधी हॉल में आयोजित हुआ जिसमें पूर्व राज्य मंत्री योगेंद्र महंत, संचालक-जनसंपर्क संचालनालय भूपेंद्र सिंह, राष्ट्रीय गौरक्षा अध्यक्ष डॉ. भंवरलाल चौधरी, गौरक्षक शीतल ठाकुर तथा प्रधान संपादक रामचंद्र श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में डॉ. जैन को उनके शैक्षणिक और शोध कार्यों में उत्कृष्ट योगदान तथा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित मॉडल तैयार करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि हाल ही में डॉ. जैन को लंदन में उनके भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित मॉडल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कार दिया गया था। डॉ. प्रगति जैन ने पिछले 25 वर्षों में अकादमिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके नाम 70 से अधिक शोधपत्र राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित हैं और वे 14 पुस्तकों की लेखिका भी हैं। उनके निर्देशन में चार शोधार्थियों ने क्ष्द्ध.छ. की उपाधि प्राप्त की है, जो उनके मार्गदर्शन और अनुसंधान क्षमताओं का प्रमाण है। सम्मान ग्रहण करते समय डॉ. जैन ने अपने सहयोगियों, शोध विद्यार्थियों और परिवार का आभार व्यक्त किया तथा भारतीय ज्ञान परंपरा और गणितीय अनुसंधान को जोड़कर आगे अनुसंधान जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अतिथियों ने भी उन्हें बधाई दी और उनके कार्यों की सराहना की। संचालन वरिष्ठ शिक्षक साजिद अली सैयद,शौकत मंसूरी ने किया।